पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने दो कुलपति नियुक्त किये</u>

लखनऊः 2 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक ने सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ तथा उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा के कुलपति नियुक्त किये हैं।

राज्यपाल ने डॉ0 गया प्रसाद, सहायक महानिदेशक (से0नि0), भारतीय अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ का कुलपति नियुक्त किया है तथा डॉ0 के0एम0एल0 पाठक, पूर्व उप महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान, मथुरा का कुलपति नियुक्त किया है।

राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर ने यह जानकारी देते हुये बताया कि कुलपतियों की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से तीन वर्ष की अवधि के लिए की गयी है।

अंजुम/ललित/राजभवन(81/3)